# DAV BR PUBLIC SCHOOL, BINA
## SESSION 2023-24
## Half Yearly Examination
## SAMPLE PAPER

**Class:_X__** **Subject: _HINDI________**

**Time Allowed: 3hrs** **MM: 80**

निर्देश_ प्रश्नपत्र दो खंडो खंड -अ खंड -ब का होगा|

खंड _अ 40 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे |

खंड-ब में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे जाएंगे, प्रश्नों में उचित आंतरिक विकल्प दिए जाएंगे|

**खंड_अ**

**(बहुविकल्पी प्रश्न)**

1)गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए:_(5)

जो लोग अपनी असफलताओं के लिए या जीवन में गतिरोध के लिए हालातों को जिम्मेदार ठहराते हैं वे या तो गलती करते हैं या हालात से डरते हैं | वे या तो जीवन को समझ नहीं पाए या उलझनों में फंसे हैं |वे या तो आलसी है या अकर्मण्य है |एक कारण और भी हो सकता है कि उनकी नीयत और नीति में मेल ना हो| यह अति आवश्यक है कि नीयत और नीति दोनों एक सूत्र में पिरोए हुई हो अर्थात मेल खाती हों|ऐसा कदापि संभव नहीं कि दोनों में अंतर आने पर व्यक्ति सफलता प्राप्त कर सकें नीति एक पथ है जिस पर चलकर वह अपने किसी प्रयोजन को पूर्ण करता है जबकि नियत मानसिक इच्छा है जो खोटी भी हो सकती है और खरी भी| खोटी नियत वाला व्यक्ति कदापि संसार में नहीं टिक सकता |यदि टिकेगा तो केवल तब तक जब तक उसकी नियत खुलकर सामने नहीं आती क्योंकि नीति की जननी नियत है और जब जननी में ही दोष है तो संतान में कोई न कोई विकृति अवश्य आ जाएगी |ऐसे में मनुष्य का पतन अवश्यंभावी है |असफलता के लिए हालातों को जिम्मेदार ठहराना ठीक नहीं लगता क्योंकि हालात तो उसके साथ भी लगभग वही होते हैं जो सफलता प्राप्त करते हैं| यदि कोई व्यक्ति अपनी असफलता की भी जिम्मेदारी स्वयं नहीं ले सकता तो वह अपनी सफलता की भी जिम्मेदारी लेने के काबिल नहीं है जीवन का असली आनंद तो तभी है जब परिस्थितियां विषम हो|

1) किस तरह के लोगों की नीयत और नीति में मेल नहीं होता |

क) असफलताओं के लिए अपने मित्रों को जिम्मेदार ठहराने वाले

ख) असफलताओं के लिए अपने पड़ोसियों को जिम्मेदार ठहराने वाले

ग) असफलताओं के लिए परिस्थितियों को जिम्मेदार ठहराने वाले

घर) असफल होने पर अपने भाग्य को कोसने वाले

2) जीवन को समझ ना पाने वाले लोग कैसे होते हैं

क) परिश्रमी तथा ईमानदार

ख) स्वार्थी तथा लोभी

ग) परोपकारी और निस्वार्थी

घ) आलसी और  अकर्मण्य

3) हालातों को असफलता के लिए जिम्मेदार ना ठहरने के लिए प्रस्तुत गद्यांश में क्या सीख दी गई है?

क) जीवन को अच्छी तरह समझें

ख) आलस्य व अकर्मण्यता छोड़कर निडर बने

ग) अपनी गलतियों को भूल जाओ

घ) हालातों को जिम्मेदार ठहरा

4)जीवन का असली आनंद कब है?

क) जब सुख सुविधाएं हो

ख) जब अधिक धन हो

ग) जब परिस्थितियां विषम हों

घ) जब सभी हमसे खुश हों

5) मनुष्य का पतन कब अवश्यंभावी हो जाता है?

क) जब मनुष्य स्वार्थी हो जाए

ख) जब मनुष्य की नियत में खोट हो

ग) जब मनुष्य नि:स्वार्थी हो

घ) जब मनुष्य समझदार हो

2) निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प का चुनाव कर लिखिए :__(5)

जब बचपन तुम्हारी गोद में आने से कतरा ने लगे ,जब मां को कोख से झांकती जिंदगी बाहर आने से घबराने लगे, समझो कुछ गलत है |

जब तलवारे फूलों पर जोर अजमाने लगे ,जब मासूम आंखों में खौफ नजर आने लगे, समझो कुछ गलत है

जब किलकारियां सहम जाएं, जब तोतली बोलियां खामोश हो जाएं समझो..कुछ नहीं बहुत कुछ गलत है क्योंकि जोर से बारिश होनी चाहिए थी, पूरी दुनिया में हर जगह टपकने चाहिए थे आंसू रोना चाहिए था ऊपर वालों को ,आसमां से फूट-फूटकर शर्म से झुक नी चाहिए थी, इंसानी सभ्यता की गर्दनें शोक का नहीं ,सोच का वक्त है मातम नहीं ,सवालों का वक्त है अगर इसके बाद भी सर उठा कर खड़ा हो सकता है इंसान, समझो कि बहुत कुछ गलत है|

1) मां की कोख से झांकती जिंदगी को घबराहट क्यों हो सकती है? क) उसे बाहर की असुरक्षा का आभास हो रहा है

ख) उसे प्रदूषण का डर सता रहा है

ग) उसे मां ने बाहर की वास्तविकता बताई है

घ) बाहर का मौसम अनुकूल नहीं है

2) जब तलवार फूलों पर दूर अजमाने लगे मासूम आंखों में खौफ में नज़र आने लगेपंक्ति का तात्पर्य है __

क)जब मासूम के ऊपर अत्याचार होने लगे

ख) मानव अपने स्वार्थों के लिए उद्यान उजाड़ने लगे

ग) जब मासूमों को भय के बिना रहना पड़े

घ) जब मासूम आपस में लड़ने लगे

3) कवि के अनुसार बहुत गलत कब है ?

क)जब ओस तलवार की गोद पर गिरे

ख) जब मासूम सहम जाएं

ग) जब बचपन समाप्ति के कगार पर हों

घ) जब किलकारियों की गूंज खामोश हो जाएं

4) कुछ भी गलत नहीं है यदि _

क) बचपन गोद में आने लगे

ख) बच्चों पर अत्याचार होने लगे

ग) बाल श्रम बढ़ जाए

घ) भ्रूण हत्या होने लगे

5) कवि के अनुसार अभी किस का वक्त है?

क) सोच विचार का

ख)दुख मनाने का

ग) उत्सव मनाने का

घ) मासूमों का

**(व्यावहारिक व्याकरण)**

3) निम्नलिखित वाक्यों के दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प का चयन कीजिए:___(5)

1) आप घर जाएंगे या पार्क जाएंगे वाक्य का प्रकार है__

क) संयुक्त वाक्य

ख) सरल वाक्य

ग) मिश्र वाक्य

घ) विस्मय बोधक वाक्य

2) जब हम लोग द्वारिका गए ,वहां हमने दर्शन किए |वाक्य का संयुक्त वाक्य में रूपांतरण है__

क) हम लोगों ने द्वारिका जाकर दर्शन किए

ख) जब हम लोग द्वारिका जाएंगे वहां दर्शन करेंगे

ग) हम लोग द्वारिका गए और वहां दर्शन किए

घ) दर्शन करने के लिए हम लोग द्वारिका गए

3)पाठ समाप्त हुआ और घंटी बज गई |वाक्य का मिश्र वाक्य रूपांतरण होगा __

क) पाठ समाप्त हुआ, घंटी बजी

ख) जैसे ही पाठ समाप्त हुआ वैसे ही घंटी बज गई

ग) पाठ के समाप्त होते ही घंटी बज गई

घ) पाठ को समाप्त किया गया फिर घंटी बज गई

4) मयंक आया और खेलने लगा वाक्य का सरल रूप है

क) जैसे ही मयंक आया वह खेलने लगा

ख) मयंक आया और खेलने लगा

ग) मयंक आकर खेलने लगा

घ) मयंक आते ही खेलने लगा

5) जिस वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य हो और एक या एक से अधिक आश्रित उपवाक्य हो उसे कौन सा वाक्य कहते हैं

क) सरल वाक्य

ख) मिश्र वाक्य

ग) संयुक्त वाक्य

घ) इनमें से कोई नहीं

4) उचित विकल्प का चयन कीजिए___(5)

1.कितने कंबल बंटे ?सही वाच्य भेद लिखें

क)कर्तृवाच्य

ख) कर्मवाच्य

ग)भाववाच्य

घ) संदेह वाच्य

2.निम्नलिखित में से कौन सा भाववाच्य का सही विकल्प नहीं है?

क) मुझसे अब देखा नहीं जाता

ख) आइए ,चला जाए

ग) हमें धोखा दिया जा रहा है

घ) राधा से बोला नहीं जाता

3.अब हम सब नहीं खेलेंगे वाक्य का भावाच्य में रूप होगा

क) हमारे द्वारा अब खेला नहीं जाएगा

ख) हम सब खेल नहीं सकते

ग) हम सब से अब खेला नहीं जाएगा

घ) हम सब अब नहीं खेलेंगे

4.बुद्ध द्वारा करुणा का संदेश दिया गया_ वाक्य का कर्तृवाच्य में रूप होगा

क) बुद्ध द्वारा करुणा का संदेश दिया जाएगा

ख)बुद्ध से करुणा का संदेश दिया गया

ग) बुद्ध करुणा का संदेश देंगे

घ) बुद्ध ने करुणा का संदेश दिया

5.हम रात भर कैसे जागेंगे| वाक्य का भाव वाच्य में रूप होगा

क) हम से रात भर कैसे जागा जाएगा

ख) हम रात भर  किस प्रकार जागेंगे

ग) रात भर जागेंगे हम कैसे ?

घ) रात भर कैसे जागेंगे हम

5).निर्देशानुसार अलंकार का उदाहरण चुनिए___(6)

1) श्लेषअलंकार बताइए -

क) बालक बोलि बधौ नहीं तोहि

ख) तीन बेर खाती थी वे तीन बेर खाती है

ग) एक राम घनश्याम हित चातक तुलसीदास

घ) रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून पानी गए न ऊबरे मोती मानुष चून

2).झुक कर मैंने पूछ लिया, खा गया मानो झटका

क) उपमा

ख) उत्प्रेक्षा

ग) अतिशयोक्ति

घ) मानवीकरण

3.इस सोते संसार  बीच जगकर सजकर रजनी बाले

क)  उत्प्रेक्षा

ख)मानवीकरण

ग) श्लेष

घ)  अतिशयोक्ति

4.मानवीकरण अलंकार छांटिए__

क)मैया मैं तो चंद्र खिलौना लीनो

ख) मेघ आए बन ठन के संवर के

ग)  आए वसंत महंत

घ) कल कानन कुंडल मोरपखा

5) जहाँ शब्दों के अर्थ के कारण परिवर्तन होता है··· ... ... कहते हैं|

क) समास

ख) अलंकार

ग) शब्दालंकार

घ) अर्थालंकार

6) मधुबन की छाती को देखो सूखी कितनी इसकी कलियां

क) मानवीकरण

ख)अतिशयोक्ति

ग) श्लेष

घ) उत्प्रेक्षा

6) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:__(_5)

बालगोबिन भगत की संगीत साधना का चरम उत्कर्ष उस दिन देखा गया जिस दिन उनका बेटा मरा। इकलौता बेटा था यह कुछ सुस्त और बोटा-सा किंतु इसी कारण बालगोबिन भगत उसे और भी मानते। उनकी समझ में ऐसे आदमियों पर ही ज्यादा नज़र रखनी चाहिए या प्यार करना चाहिए, क्योंकि ये निगरानी और मुहब्बत के ज्यादा हकदार होते हैं। बड़ी साध से उसकी शादी कराई थी. पतोहू बड़ी ही सुभग और सुशील मिली थी। घर की पूरी प्रबंधक बनकर भगत को बहुत कुछ दुनियादारी से निवृत्त कर दिया था उसने। उनका बेटा बीमार है, इसकी खबर रखने की लोगों को कहाँ फुरसत ,किंतु मौत अपनी ओर सबका ध्यान खींचकर ही रहती है। हमने सुना, बालगोविन भगत का बेटा मर गया। कुतुहल उनके घर गया। देखकर दंग रह गया। बेटे को आँगन में एक चटाई पर लिटाकर एक सफेद कपड़े से ढांक रखा है। वह कुछ फूल तो हमेशा ही रोपते रहते, उन फूलों में से कुछ तोड़कर उस पर बिखरा दिए हैं, फूल और तुलसीदल भी सिरहाने एक चिराग जला रखा है। और उसके सामने जमीन पर ही आसन जमाए, गीत गाए चले जा रहे हैं। वही पुराना स्वर, वही पुरानी तल्लीनता घर में पतोहू रो रही है जिसे गाँव की स्त्रियाँ चुप कराने की कोशिश कर रही है। किंतु बालगोविन भगत गाए जा है। गाते-गाते कभी-कभी पतोहू के नजदीक भी जाते और उसे रोने के बदले उत्सव मनाने की कहते। आत्मा परमात्मा के पास चली गई, विरहिनी अपने प्रेमी से जा मिली, भला इससे बढ़कर आनंद की कौन बात? मैं कभी-कभी सोचता, यह पागल तो नहीं हो गए। किंतु नहीं, वह जो कुछ कर रहे थे उसमें उनका विश्वास बोल रहा था वह चरम विश्वास जो हमेशा ही मृत्यु पर विजयी होता आया है।

(i) बालगोबिन भगत की साधना का चरमोत्कर्ष कब देखा गया?

(क) जब वे गंगा स्नान के लिए गए

(ख) जब धान की रोपाई हो रही थी

(ग) जब वे बीमार पड़े

घ) जब उनके पुत्र की मृत्यु हुई

(ii) बालगोबिन भगत अपने पुत्र को अधिक क्यों मानते थे?

(क) क्योंकि उसको प्यार मुहब्बत की ज्यादा आवश्यकता थी

(ख) क्योंकि वह बोदा व सुस्त था

(ग) वह बहुत शक्तिशाली था

(घ) (क) एवं (ख) दोनों

(iii) भगत को दुनियादारी से निवृत्त किसने किया?

(क) उसकी बहू ने

(ख) उसके पुत्र ने

ग) उसके कर्मों ने

(घ) गाँव के लोगों ने

(iv) बेटे के मरने पर बालगोविन भगत क्या कर रहे थे?

क) वे गीत गा रहे थे

(ख) वे अपनी पुत्रवधू को समझा रहे थे

(ग) उन्होंने अपने पुत्र के सिरहाने एक चिराग जला रखा था

(घ) उपर्युक्त सभी अलग करने पर सही विकल्प होगा

(v) तल्लीनता शब्द में मूल शब्द उपसर्ग व प्रत्यय अलग करने पर सही विकल्प होगा ....

क) तल+लीन+ता

ख) तत्+लीन+ता

ग) तल्लीन+ता

घ) तत्+लीनता

7) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए :____(2)

1) पान वाले ने नेता जी की मूर्ति पर चश्मा ना होने का कारण बताया मास्टर बनाना भूल गया यह उसके लिए कैसी बात थी और हालदार साहब के लिए कैसी बात थी ?

क) पान वाले के लिए__ मजेदार ,हालदार साहब के लिए द्रवित करने वाली

ख)पान वाले के लिए __दुखी करने वाली, हालदार साहब के लिए द्रवित करने वाली

ग) पान वाले के लिए__ मजेदार हालदार साहब के लिए, विचारणीय

घ) पान वाले के लिए द्रवित करने वाली ,हालदार साहब के लिए विचार करने वाली

2)यह है नई कहानी के लेखक __लेखक ने ऐसा किस के विषय में कहा

क) डॉक्टर फादर कामिल बुल्के के

ख)भंडारी जी के

ग) नवाब साहब के

घ) स्वयं के

8) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:___(5)

बालक बोलि बधौ नहीं तोही, केवल मुनि जड़ जानि मोही|

बाल ब्रह्मचारी अति कोही , बिस्वविदित क्षत्रिय कुल द्रोही|

भुजबल भूमि भूप बिनु कीन्ही, बिपुल बार महिदेवन्ह दीन्हि|

सहस्रबाहु छेद निहारा| परसु बिलोकु महीप कुमारा|

मात-पितहि जनि सोचबस, करसि महीसिकोर|

गर्भन के अभ्रक दलन, परसु मोर अति घोर

1) परशुराम ने क्रोध आने पर भी लक्ष्मण को छोड़ देने का क्या कारण बताया?

क) वे लक्ष्मण की बातों से परेशान हो गए थे

ख) वे लक्ष्मण को बालक मानकर बाल हत्या का अपराध अपने सिर पर नहीं लेना चाहते थे

ग) उनके पास लक्ष्मण को मारने के लिए अस्त्र-शस्त्र नहीं थे

घ) श्रीराम से डर गए थे

2)परशुराम ने आत्म परिचय में क्या कहा? क) वे बहुत बड़े पंडित, वीर योद्धा तथा बहुत बड़े दानी हैं

ख) वे बहुत बड़े योद्धा राजाओं की रक्षा करने वाले तथा सन्यासी हैं

ग) वे बाल ब्रह्मचारी ,अत्यंत क्रोधी, क्षत्रिय कुल के शत्रु योद्धा तथा ब्राह्मणों के लिए दानी है

घ) वे राजकुमार अत्यंत शांत क्षत्रिय कुल के समर्थक तथा बड़े दानी है

3) क्षत्रिय कुल द्रोही कौन है?

क) परशुराम

ख) विश्वामित्र

ग) लक्ष्मण

घ) श्री राम

4)परशुराम ने अपने फरसे की क्या विशेषताएं बताई?

क) उनका फरसा बहुत सारे लोगों को मार चुका है

ख) सहसबाहु की भुजाएं काटने वाला तथा धरती को क्षत्रिय राजाओं से रहित करने वाला है

ग) उनका फरसा बहुत बड़ा और तेज है

घ) उनका फरसा सदा उनके हाथ में रहता है

5) पद्यांश के आधार पर परशुराम की चारित्रिक विशेषताएं कौन सी है?

क) ज्ञानी शांत तथा वीर

ख) साहसी क्रोधी तथा राम के भक्त

ग) अहंकारी ,दानी तथा कायर

घ) क्रोधी बड़बोले तथा दानी

9) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए:___ (2)

1) कवि ने आत्मकथा कविता के माध्यम से किस पर व्यंग्य किया है?

क)ईश्वर पर

ख) पत्नी पर

ग) प्रेम प्रसंग पर

घ) अपने मित्रों सहकर्मियों के दोहरे व्यवहार पर

2) बिथा शब्द का तत्सम रूप क्या है?

क) विरह

ख) व्यथा

ग) व्यापार

घ) वृथा

10)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 शब्दों में लिखिए :____ा(6)

1) बाल गोबिन भगत की गर्मियों की संझा के दृश्य का चित्रण अपने शब्दों में कीजिए ? 2)बच्चों द्वारा नेता जी की मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा लगाया जाना किस उम्मीद को जगाता है पाठ के आधार पर लिखिए |

3) नवाब साहब के हाव भाव परिवर्तन लेखक को कैसा लगा और क्यों लखनवी अंदाज़ पाठ के आधार पर लिखिए|

11)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 -30शब्दों में लिखिए :___(6)

1)परशुराम के क्रोध का क्या कारण था? राम लक्ष्मण परशुराम संवाद के आधार पर स्पष्ट कीजिए |

2) दूसरों को नीति की सीख देने वाले श्री कृष्ण अनिति का गठन करने लगे गोपियों ने ऐसा क्यों कहा है?

3)जयशंकर प्रसाद जी जीवन को कैसा और कितना बड़ा मानते हैं तथा उसके अनुपात में जीवन की कथाएं स्पष्ट कीजिए|

12) निम्नलिखित प्रश्नों की उत्तर 50 -60शब्दों में लिखिए _(8)

1) माता का अंचल नामक पाठ में लेखक ने तत्कालीन समाज के पारिवारिक परिवेश का जो चित्रण किया है, उसे अपने शब्दों में लिखिए|

2) माता का अंचल पाठ में लेखक जब बाबूजी से कुश्ती लड़ते थे तब क्या-क्या घटनाएं घटित होती थी वर्णन कीजिए?

13) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेतों के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए:___(6)

क)गया वक्त फिर हाथ नहीं आता

संकेत बिंदु :समय की पहचान ,समय का दुरुपयोग करने पर पश्चाताप ,उचित समय की तलाश, संदेश

ख) आधुनिक नारी :सशक्त नारी

संकेत बिंदु :नारी का योगदान ,करुणा सहनशीलता की प्रतिमूर्ति वर्तमान स्थिति, शोचनीय स्थितस्को सुधारने के उपाय

ग) परिश्रम :सफलता की कुंजी

संकेत बिंदु_परिश्रम सफलता प्राप्ति में सहायक ,असंभव कार्य भी संभव ,सकल पदारथ है ,जग माही कर्म हीन नर पावत नाही परिश्रम को अपनाने का आह्वान

14)आपके मोहल्ले के खंभों की लाइटें कई दिनों से खराब पड़ी है इससे होने वाली परेशानियों का उल्लेख करते हुए विद्युत निगम नगर के प्रबंधक को 100 शब्दों में पत्र लिखिए |(5)

15)ताजगी चाय कंपनी आपसे अपनी चाय के लिए विज्ञापन तैयार करवाना चाहती है कल्पना के आधार पर 60 शब्दों में कंपनी के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए| (4)

16)'शिक्षक दिवस' पर 60 शब्दों में शुभकामना संदेश लिखिए|(5)

************************************